Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान।**

जनता की सजगता से होगा सुशासन और पारदर्शिता का विस्तार।

–महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो।

जयपुर, 11 फरवरी मंगलवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के **महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने कहा कि राज्य सरकार की **"भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस"** की नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आमजन को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनता की सजगता से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, बल्कि राजकीय कार्यो में पारदर्शिता और सुशासन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

विशेष प्रचार–प्रसार अभियानः

महानिदेशक पुलिस, एसीबी ने जानकारी दी कि एसीबी ने 11 फरवरी को प्रदेशव्यापी विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य जनता को भ्रष्टाचार के खिलाफ सजग बनाना और राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को सुचारू रूप से लागू करना हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत एसीबी की सभी यूनिट्स द्वारा विभिन्न सरकारी, अर्द्ध–सरकारी और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया।

जागरूकता पोस्टर और संवाद कार्यक्रमः

एसीबी की सभी यूनिट्स ने अपने –अपने क्षेत्रों में कलेक्टर कार्यालय, स्थानीय निकाय, निगम कार्यालय, पुलिस कार्यालय, ई–मित्र केंद्र सहित अन्य ऐसे स्थान चिन्हित किए जहॉ आमजन की अधिक संख्या में उपस्थिति रहती है। इन स्थानों पर जागरूकता पोस्टर चस्पा किए गए और कार्यालय कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

हेल्पलाईन 1064 का व्यापक प्रचार–प्रसारः

महानिदेशक एसीबी ने बताया कि अभियान के दौरान एसीबी के टोल–फ्री हेल्पलाईन नंबर 1064 और व्हाट्सएप नंबर 94135–02834 को प्रमुखता से प्रचारित किय गया। इन नंबरों को पोस्टर्स पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया गया ताकि आमजन आसानी से संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि पोस्टर्स आमजन द्वारा सुगमता से देखे और पढ़े जा सकें।

एसीबी की अपीलः

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे एसीबी के **हेल्पलाईन नंबर 1064** और **व्हाट्सएप नंबर 94135–02834** पर 24X7 संपर्क करें और भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें दर्ज कराऍं। एसीबी आपकी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करेगी और आपके वैद्य कार्यो को सुगमता से करवाने में मदद करेगी।

जनता की भागीदारी से होगा सुशासन सशक्तः

डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस अभियान में जनता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस पहल को सफल बनाने में सहयोग दें और एक पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना में अपना अमूल्य योगदान दें।